भीषण वर्षा से नगर का हुआ बुरा हाल, नगर आयुक्त ने मौके पर पहुँच कर लिया जायज़ा

नगर आयुक्त ने अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर जल भराव से हुई समस्या का कराया निदान

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहांपुर। नगर में भीषण बारिश के दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने नाले एवं अन्य क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के तेलटंकी, दिलाजक, एमनजई जलालनगर, नगर निगम कार्यालय के पास बने नाले, चिनौर, जलालनगर, अंटा चौराहा, बहादुरपुरा में बने नाले, कनौजिया अस्पताल, दुर्गा टॉकीज के पास बने नाले, भारद्वाजी, गर्रा घाट के दोनों तरफ बने नाले हनुमतधाम के पीछे नये पुल की तरफ बने नाले, ग्रीन वैली स्कूल के पास बने नाले के निरीक्षण किया। नगर आयुक्त द्वारा बारिश से नगर में कहीं पर भी जलभराव स्थिति उत्पन्न न होने पाए एवं पानी की निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके, इसके लिए सम्बंधित को विशेष निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खादय निरीक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर जलभराव वाले स्थलों पर टीम लगाकर जलभराव की समस्या का त्वरित निस्तारण कराया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, समस्त सफाई एवं खादय निरीक्षक उपस्थित रहे।